O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Half Yearly Examination - (2026 – 2027)

Class V **MM: 50**

Subject: Hindi **Time: 2:00 Hrs**

Name: _____ Roll No.:_____

(Fifteen Minutes Extra will be given for reading the Question Paper.)

सामान्य निर्देश:

1 इस प्रश्न पत्र में चार` खंड है – खंड 'क' ख, ग और घ |

2 चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

3 यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशःलिखिए |

खंड 'क'

प्रश्न 1 निम्ललिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (1x5=5)

एक समय की बात है गर्मियों के दिनों में एक प्यासी चींटी पानी की खोज में भटकते हुए तालाब, समुद्र, नाले के पास गई | लेकिन खारे, गहरे और गंदे पानी को देखकर उस स्थान को छोड़कर नदी के पास रुकी | सामने पानी था लेकिन पानी पीने के लिए वह सीधे नदी में नहीं जा सकती थी | इसलिए वह एक छोटे से पत्थर के ऊपर चढ़ गई | लेकिन जैसे ही उसने पानी पीने की कोशिश की, वह नदी में जा गिरी | उसी नदी के किनारे एक पेड़ था | उसकी टहनी पर एक कबूतर बैठा था | उसने चींटी को पानी में गिरते हुए देख लिया | कबूतर को उस पर तरस आया | और उसने चींटी को बचाने की कोशिश की कबूतर ने तेज़ी से एक पत्ता तोड़कर नदी में संघर्ष कर रही चींटी के पास फेंक दिया | चींटी उस पत्ते के पास पहुँची और उस पत्ते पर चढ़ गई | थोड़ी देर बाद पत्ता तैरता हुआ नदी के किनारे आ गया | चींटी ने पत्ते से छलांग लगाई और नीचे उतर गई | चींटी ने पेड़ की तरफ देखा और कबूतर को उसकी जान बचाने के लिए धन्यवाद किया |

क) पानी की तलाश में चींटी कहाँ पर रुकी ?

क समुद्र पर ख तालाब पर

ग नदी पर घ नाले पर

ख) चींटी पानी पीने के लिए कहाँ पर चढ़ गई ?

क पेड़ पर ख पत्थर पर

ग दीवार पर घ फूल पर

ग) कबूतर ने चींटी की मदद कैसे की ?

क पत्ता देकर ख नाव देकर

ग डंडा देकर घ हाथ देकर

घ) पेड़ की टहनी पर कौन बैठा था ?

ड) चींटी ने किसको धन्यवाद दिया ?

प्रश्न 2 निम्नलिखित काव्यांशको ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए — **(1x5 =5)**

नीले अंबर पर अरुण प्रभा,
जग में फैली नई आभा।
कलियाँ हँसकर खिल उठती हैं,
मधुर पवन से मिल झुकती हैं।
नदियाँ गाती जीवन गान,
हरता प्रकृति सबका थकान।
परिश्रम से जो आगे बढ़ता,
सफलता का दीप वही गढ़ता।

क) जग में क्या फैली है ?

अ नई आभा ब प्रभा

स वर्षा द अंधकार

ख) नदियाँ क्या गा रही हैं ?

अ देशभक्ति ब दुख भरा गीत

स लोरी द जीवनगान

ग) प्रकृति क्या हरती है ?

अ थकान ब डर

स गुस्सा द दुःख

घ) परिश्रम से आगे बढने वाले किसका दीप गढ़ते हैं

ड) अरुणप्रभा कहाँ फैली है ?

खंड 'ख'

प्रश्न 3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(1x4=4)**

क) 'कविता' का बहुवचन है -

अ कवित्री ब कवितों

स कविता द कविताएँ

ख) 'शिष्या' का पुल्लिंग है -

अ शेष ब शिशु

स शिष्य द शिष्या

ग) कवि का स्त्रीलिंग है -

अ कव्यीत्री ब कावेत्री

स कव्यित्री द कवयित्री

घ) सुंदर' का भाववाचक संज्ञा है -

अ सुंदरी ब अति सुंदर

स सुन्दरे द सुंदरता

प्रश्न 4 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(1x3=3)**

क) किसी भाषा को शुद्ध बोलने पढ़ने तथा लिखने के नियमों का ज्ञान हमें किसके द्वारा होता है ?

ख) तमिल भाषा की लिपि क्या है?

ग) नीता रायपुर में रहती है | रेखांकित शब्द में कौन सी संज्ञा है ?

प्रश्न 5 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(1x3=3)**

क) 'पैसा' का बहुवचन लिखिए

ख) जिन सर्वनाम शब्दों से किसी निश्चित व्यक्ति अथवा वस्तु का बोध हो उन्हें कौन सा सर्वनाम कहते है ?

ग) प्रश्नवाचक सर्वनाम का एक उदाहरण लिखिए |

खंड 'ग'

प्रश्न 6 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए | **(1x4 =4)**

राजा का इशारा पाते ही उस स्थान को खोदकर पत्थर को बाहर निकाला गया | राजा ने देखा कि वह पत्थर नहीं है, बहुत ही सुंदर सिंहासन था | उस पर बहुत बारीक और खूबसूरत मूर्तियाँ खुदी हुई थीं | उसके चारों पायों पर चार देवदूतों की मूर्तियाँ बनी हुई थीं | चारों ओर खबर फ़ैल गई | बात ही बात में वहाँ अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई | विद्वान पंडितों ने बताया कि वह कोई ऐसा-वैसा सिंहासन नहीं था - सदियों पुराना राजा विक्रमादित्य का सिंहासन था | राजा विक्रमादित्य अपने न्याय और विवेक के लिए बहुत प्रसिद्ध थे | राजा ने आज्ञा दी कि सिंहासन को ले जाकर राजदरबार में रख दिया जाए | उसने कहा, "मैं इस पर बैठकर अपनी प्रजा की फरियाद सुनूंगा और उनका फैसला करूँगा |" अगले दिन राजा दरबार में आया और सीधे उस सिंहासन की और बढ़ा | वह उस पर बैठने वाला था कि किसी की आवाज सुनाई दी, "ठहरो"

क) सिंहासन के चारों पायों पर किसकी मूर्तियाँ बनी थीं ?

अ राक्षसों की ब देवदूतों की

स लोगों की द राजा की

ख) सिंहासन किस राजा का था ?

अ देवदूतों का ब राजा कृष्णदेव का

स राजा अकबर का द राजा विक्रमादित्य का

ग) राजा विक्रमादित्य किसके लिए प्रसिद्ध थे ?

अ क्रोध के लिए ब न्याय और विवेक के लिए

स युद्ध के लिए द गलत फैसले के लिए

घ) राजा विक्रमादित्य सिंहासन पर बैठकर किसका फैसला सुनाना चाहते थे ?

अ	स्कूल का	ब	प्रजा का
स	जंगल का	द	राजा का

प्रश्न 7 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(2X3=6)**

क) साडकेन क्यों मनाया जाता है ?

ख) वल्लरी को चौखाम और दिल्ली में क्या अंतर लगा ?

ग) वल्लरी को साडकेन का त्योहार मनाते हुए होली की याद क्यों आ गई ?

प्रश्न8 काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए। **(1x4=4)**

बच्चे की सुन बात कहा माता ने, "अरे सलोने
कुशल करें भगवान, लगें मत तुझको जादू –टोने।
जाड़े की तो बात ठीक है,पर मैं तो डरती हूँ,
एक नाप में कभी नहीं तुझको देखा करती हूँ।
कभी एक अंगुल –भर चौड़ा,कभी एक फुट मोटा
बड़ा किसी दिन हो जाता है और किसी दिन छोटा।
घटता बढ़ता रोज किसी दिन ऐसा भी करता है,
नहीं किसी की भी आँखों को दिखलाई पड़ता है।

क) इस कविता में माता अपने बच्चे को प्यार से क्या कहती है ?

अ	चाँद	ब	मुन्ना
स	सलोने	द	जादूगर

ख) हर रोज कौन घटता बढ़ता है ?

अ	सूर्य	ब	तारा
स	आकाश	द	चाँद

ग) किस दिन चाँद आकाश में दिखाई नहीं देता है ?

अ	पूर्णिमा	ब	गणेश चतुर्थी
स	अमावस्या	द	जन्माष्टमी

घ) किसका नाप लेना मुश्किल काम है ?

अ	कवि	ब	माता
स	बालक	द	चाँद

प्रश्न9नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(2X3=6)**

क)'किरन' कविता के कवि कौन हैं ? इस कविता में किरन किसके साथ बात कर रही है ?

ख) जब बालिका को नींद नहीं आई तब उसने क्या किया ?

ग) जब सब सो जाते हैं तो किरन कहाँ चली जाती है ?

खंड 'घ'

प्रश्न 10 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । (5x1=5)

क वर्षा ऋतु

ख मोबाइल ; मुसीबत या मददगार

ग प्रातः काल की सैर

घ उल्लास के प्रतीक ; त्योहार

प्रश्न 11 अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए । (5X1=5)

अथवा

कविता प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने छोटे भाई को बधाई पत्र लिखिए ।

-----000-----